## विधान सभा
## राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली

# Legislative Assembly
# National Capital Territory of Delhi

## प्रश्नों की सूची
# LIST OF QUESTIONS

**सोमवार, 03 जनवरी, 2022 / 13 पौष, 1943 (शक)**
**Monday, the 3rd January, 2022 / 13 Pausha, 1943 (Saka)**

तारांकित प्रश्न : 1 – 20

अतारांकित प्रश्न : 1 – 82

**Starred Questions : 1-20**

**Unstarred Questions :1-82**

## विधान सभा

## राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली

## मौखिक उत्तरों के लिए प्रश्नों की सूची

सोमवार, 03 जनवरी, 2022 / 13 पौष, 1943 (शक)

**कुल प्रश्नः 20**

**1. श्री सोमनाथ भारती — सतर्कता**

क्या माननीय उप मुख्यमंत्री बताने की कृपा करेंगे किः

क) वर्ष 2014 के बाद से आरंभ किए गए सतर्कता के मामलों का विभागवार विवरण;

ख) इन मामलों की प्रकृति, अर्थात भ्रष्टाचार, काम में लापरवाही आदि का विवरण;

ग) इन मामलों की परिणिति, दोषी अथवा दोषमुक्त पाए जाने का विवरण; और

घ) मामला दर्ज किए जाने से लेकर दोषी अथवा दोषमुक्त होने तक सतर्कता मामलों की पूरी प्रक्रिया के सभी चरणों का विवरण?

**2. श्री अभय वर्मा — लोक निर्माण विभाग**

क्या माननीय लोक निर्माण मंत्री बताने की कृपा करेंगे किः

क) दिल्ली में लगाए गए सीसीटीवी कैमरों का विधानसभा क्षेत्रवार विवरण;

ख) 1 अप्रेल, 2020 से 22 दिसंबर, 2021 तक लक्ष्मी नगर विधानसभा क्षेत्र में उपलब्ध कराई गई वाई–फाई सुविधा का विवरण;

ग) किसी भी चुनाव क्षेत्र में वाई–फाई लगाने के लिए अपनाई जाने वाली प्रक्रिया;

घ) इस प्रक्रिया में स्थानीय विधायक की क्या भूमिका होती है;



## LEGISLATIVE ASSEMBLY

## National Capital Territory of Delhi

## List of Questions for ORAL ANSWERS

Monday, the 3rd January, 2022 / 13 Pausha, 1943 (Saka)

**Total No. of Questions: 20**

**1 Shri Somnath Bharti — Vigilance**

Will the Hon'ble Deputy Chief Minister be pleased to state:

a) The department wise details of vigilance cases initiated since 2014;

b) The details of the nature of these cases viz., corruption, dereliction of duty etc;

c) The details of the outcome of these cases whether found guilty or otherwise; and

d) The details of the various stages involved in disposing a vigilance case i.e from initiation of disciplinary proceedings or registering a case to conviction or acquittal?

**2 Shri Abhay Verma — Public Works Department**

Will the Hon'ble Minister of PWD be pleased to state:

a) The constituency wise details of number of CCTV cameras installed in Delhi;

b) The details of wi-fi facility provided in Laxmi Nagar Constituency from 01 April 2020 to 22 December 2021;

c) The procedure adopted for installation of wi-fi facility in any constituency;

d) The role of the area MLA in this procedure, if any;

ङ) लक्ष्मी नगर विधानसभा क्षेत्र में विकासमार्ग, मदर डेयरी रोड़ तथा पटपड़गंज रोड़ आरओबी 36 हेतु विकास प्रस्तावों का विवरण;

च) इन परियोजनाओं पर आने वाले खर्च का अनुमानित विवरण तथा इनको पूरा किए जाने की समय–सारिणी;

छ) क्या इन सड़कों पर फुट ओवरब्रिज बनाए जाने का कोई प्रस्ताव है; और

ज) यदि हाँ, तो उसका विवरण क्या है?

**3. श्री गुलाब सिंह** **शिक्षा**

क्या माननीय उप मुख्यमंत्री बताने की कृपा करेंगे किः

क) क्या मटियाला विधानसभा क्षेत्र में किसी नए स्कूल के निर्माण का कोई प्रस्ताव है; और

ख) यदि हाँ, तो उसका विवरण क्या है?

**4. श्री सौरभ भारद्वाज** **राजस्व**

क्या माननीय राजस्व मंत्री बताने की कृपा करेंगे किः

क) क्या यह सत्य है कि उत्तरी ज़िला के अंतर्गत झिंगोला गाँव में कई मुस्लिम निष्क्रांत (Evacuee) संपत्तियाँ हैं जो दिल्ली भूमि सुधार अधिनियम 1954 तथा एडमिनिस्ट्रेशन ऑफ निष्क्रांत (Evacuee) संपत्ति अधिनियम 1950 के अंतर्गत आती हैं;

ख) क्या यह भी सत्य है कि वर्ष 2019–2021 की अवधि के दौरान तत्कालीन एसडीएम (अलीपुर) ने डीएलआर एक्ट, 1954 की धारा 85 के अंतर्गत अनेक आदेश पारित किए और वैधानिक प्रावधानों का उल्लंघन करते हुए निजी पार्टियों व कंपनियों को भूमिधार अधिकार दे दिए;

ग) तत्कालीन एसडीएम द्वारा डीएलआर अधिनियम, 1954 की धारा 85 के अंतर्गत झंगोला गाँव में मुस्लिम निष्क्रांत (Evacuee) संपत्ति के संबंध में पास किए गए ऐसे सभी आदेशों का विवरण;

घ) इन आदेशों के अंतर्गत आने वाली भूमि का कुल क्षेत्रफल;



e) The details of the proposals for development of Vikas Marg, Mother Dairy Road and Patparganj Road R.O.B 36 in Laxmi Nagar Constituency;

f) The details of the estimated expenditure and time schedule for completions of these projects;

g) Whether there is any proposal to construct foot overbridge on these roads; and

h) If yes, the details thereof?

**3. Shri Gulab Singh** **Education**

Will the Hon'ble Deputy Chief Minister be pleased to state:

a) Whether there is any proposal to construct new school buildings in Matiala Constituency; and

b) If yes, the details thereof?

**4. Shri Saurabh Bharadwaj** **Revenue**

Will the Hon'ble Minister of Revenue be pleased to state:

a) Whether it is a fact that there are many muslim evacuee property in the Jhangola village area under District North which are covered under the Delhi Land Reforms Act 1954 or Administration of Evacuee Property Act 1950;

b) Whether it is also a fact that during the period 2019-2021 the then SDM (Alipur) passed many orders under Section 85 of the DLR Act, 1954 and granted Bhoomidhar rights to private parties and companies in violation of the statutory provisions;

c) Details of all such orders passed by the then SDM in respect of muslim evacuee properties in village Jhangola under Section 85 of the DLR Act, 1954;

d) Details of the total area of land involved in these orders;

2

ङ) क्या डिवीजनल कमिश्नर अथवा डिस्ट्रिक्ट मजिस्ट्रेट (नॉर्थ) इन आदेशों के बारे में अवगत हैं और क्या उन्होंने इस संबंध में कोई कार्रवाई की है; और

च) उक्त एसडीएम द्वारा दक्षिणी ज़िले में तैनाती के बाद डीएलआर अधिनियम या अन्य अधिनियमों के अंतर्गत पारित किए गए आदेशों का विवरण क्या है?

**5. श्री संजीव झा** **शिक्षा**

क्या माननीय उप मुख्यमंत्री बताने की कृपा करेंगे किः

क) शिक्षा विभाग को बुराड़ी विधानसभा क्षेत्र में आवंटित भूमि का विवरण क्या है?

ख) क्या इन संपत्तियों की चारदीवारी के निर्माण तथा सीमांकन का कार्य पूरा हो चुका है;

ग) यदि हाँ, तो उसका विवरण; और

घ) यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं?

**6. श्री अनिल कुमार बाजपेई** **शिक्षा**

क्या माननीय उप मुख्यमंत्री बताने की कृपा करेंगे किः

क) दिल्ली सरकार के स्कूलों में प्रिंसिपल, वाईस प्रिंसिपल और अध्यापकों के रिक्त पदों का विवरण;

ख) इन पदों को भरने की प्रक्रिया का आरंभ कब किया जाएगा;

ग) वर्ष 2015 के बाद नए स्कूलों के शिलान्यास का विवरण;

घ) जो स्कूल अभी–भी निर्माणाधीन है, उन सबका विधानसभा क्षेत्रवार विवरण;

ङ) दिल्ली सरकार के सभी स्कूलों का विधानसभा क्षेत्रवार विवरण; और

च) वर्ष 2018 से पहले गांधी नगर विधानसभा क्षेत्र में मौजूद दिल्ली सरकार के स्कूलों का विवरण?



e) Whether the Divisional Commissioner or the District Magistrate (North) are aware of these orders and action taken by them in this regard; and

f) The details of all orders passed by this SDM under the DLR Act or other Acts after he was posted in District South?

**5 Shri Sanjeev Jha** **Education**

Will the Hon'ble Deputy Chief Minister be pleased to state:

a) The details of land allotted to the Education Department in Burari Constituency;

b) Whether the work of demarcation and construction of boundary walls of these properties have been completed;

c) If yes, the details thereof; and

d) If not the reasons thereof?

**6 Shri Anil Kumar Bajpai** **Education**

Will the Hon'ble Deputy Chief Minister be pleased to state:

a) Details of posts of Principals, Vice Principals and teachers lying vacant in Delhi Government Schools;

b) The time by when the process of recruitment for these posts will be carried out;

c) The details of foundation work for new schools done since 2015;

d) The constituency wise details of government schools which are still under construction;

e) The constituency wise details of government schools in Delhi; and

f) The details of Delhi government schools existing in the Gandhi Nagar Constituency before 2018?

**7. श्री विशेष रवि** **परिवहन**

क्या माननीय परिवहन मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि:

क) परिवहन आयुक्त को आईजीआई एयरपोर्ट के लिए नए बस रूट चलाने तथा बस रूट संख्या 610 को बंद करने के कारणों के संबंध में लिखे मेरे पत्र संख्या 114957 दिनांक 22.10.2020 पर क्या कार्रवाई की गई;

ख) परिवहन आयुक्त को करोल बाग मेट्रो स्टेशन से फीडर बस के संबंध में लिखे मेरे पत्र संख्या 116278 दिनांक 03.11.2020 पर क्या कार्रवाई की गई; ;

ग) परिवहन आयुक्त को कंपोज़िट लोन स्कीम में ई–रिक्शा के संबंध में लिखे मेरे पत्र संख्या 114979 दिनांक 31.08.2020 पर क्या कार्रवाई की गई; और

घ) परिवहन मंत्री को गंगा मंदिर मार्ग पर क्लस्टर बसों को चलाने हेतु अनुस्मारक संख्या 120187 दिनांक 27.09.2021 पर क्या कार्रवाई की गई?

**8. श्री राजेश ऋषि** **राजस्व**

क्या माननीय राजस्व मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि:

क) जनकपुरी विधानसभा क्षेत्र में ग्रामसभा की भूमि का विवरण;

ख) जनकपुरी विधानसभा क्षेत्र में ग्रामसभा की उस भूमि का विवरण जिस पर अतिक्रमण कर लिया गया है;

ग) क्या हरिजन बस्ती, सीतापुरी में 20 सूत्री कार्यक्रम के अंतर्गत आवंटित भूमि को बेचा या हस्तांतरित किया जा सकता है;

घ) यदि किसी भूमि का कोई दावेदार नहीं है तो क्या सरकार उसका अधिग्रहण कर सकती है;

ङ) यदि हाँ, तो उसकी क्या प्रक्रिया है और यदि नहीं, तो उस भूमि का क्या होगा; और

च) सरकारी भूमि पर अतिक्रमण को हटाने के लिए सरकार जो कदम उठा सकती है, उनका विवरण?



**7 Shri Vishesh Ravi** **Transport**

Will the Hon'ble Transport Minister be pleased to state:

a) Details of action taken on my letter No.114957 dated 22.10.2020 to the Commissioner regarding new bus route to IGI Airport and reasons for stopping of Bus No.610;

b) Details of action taken on my letter No.116278 dated 03.11.2020 to the Commissioner regarding feeder bus service from Karol Bagh Metro Station;

c) Details of action taken on my letter No.114979 dated 31.08.2020 to the Commissioner regarding E-rickshaws in composite loan scheme; and

d) Details of action taken on my letter No.120187 dated 27.09.2021 to the Hon'ble Minister regarding reminder to start plying of cluster buses on Ganga Mandir Marg?

**8 Shri Rajesh Rishi** **Revenue**

Will the Hon'ble Minister of Revenue be pleased to state:

a) Details of gram sabha land in Janakpuri Constituency;

b) Details of gram sabha land in Janakpuri Constituency which have been encroached;

c) Whether the land allotted under the 20 Point Programme in Harijan Basti Sitapuri can be sold or transferred;

d) Whether the government can acquire any land which has no claimant;

e) If yes the procedure adopted and if not the fate of these lands; and

f) the details of the action that the Government can take to free government land from encroachers?

9. श्री नरेश यादव — राजस्व

क्या माननीय राजस्व मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि:

क) महरौली विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत रजोकरी गाँव में ग्रामसभा की भूमि का विवरण;

ख) इसमें से कितनी भूमि खाली पड़ी है, उसका विवरण ; और

ग) इस खाली पड़ी भूमि पर सार्वजनिक प्रयोग हेतु प्रारंभ की जाने वाली परियोजनाओं का विवरण?

10. श्री राजेश गुप्ता — लोक निर्माण विभाग

क्या माननीय लोक निर्माण मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि:

क) क्या यह सत्य है कि वज़ीरपुर विधानसभा क्षेत्र में लोक निर्माण विभाग के उद्यान विभाग ने पिछले छह साल से पेड़ों की कटाई–छँटाई व कीटनाशकों के छिड़काव का कार्य नहीं किया है;

ख) क्या यह सत्य है कि मार्बल रोटो पॉट्स के लिए जुलाई माह में एक प्रस्ताव भेजा गया था, परंतु इस पर अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है;

ग) इस प्रकार की कमियों और विलंब को न होने देने के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं; और

घ) इन कामों को कब तक पूरा कर लिया जाएगा?

11. श्री भूपिंदर सिंह जून — लोक निर्माण विभाग

क्या माननीय लोक निर्माण मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि:

क) क्या यह सत्य है कि मेन कापसहेड़ा–नजफगढ़ रोड पर एक फ्लाइओवर बनाया गया है जो बिजवासन गाँव के बीच में ही शुरू होता है और बीच में ही समाप्त होता है;

ख) फ्लाइओवर को इस प्रकार से बनाने का क्या कारण है कि उससे उक्त सड़क पर भारी ट्रेफिक जाम और भीड़भाड़ हो रही है;



**9 Shri Naresh Yadav — Revenue**

Will the Hon'ble Minister of Revenue be pleased to state;

a) the details of gram sabha land in Rajokri village under the Mehrauli constituency;

b) the details of land lying vacant out of these; and

c) details of projects for public use proposed to be initiated in these vacant land?

**10 Shri Rajesh Gupta — PWD**

Will the Hon'ble Minister of PWD be pleased to state;

a) whether it is a fact that for the past six years the Horticulture Department of PWD has not done proper cutting-pruning of trees and spraying of insecticides in the Wazirpur constituency;

b) whether it is a fact that a proposal was sent for 100 pieces of Marble Roto Pots in the month of July but still not action has been taken for it;

c) the steps being taken for correcting these lapses and delays; and

d) the time by when these works would be completed?

**11 Shri Bhupinder Singh Joon — PWD**

Will the Hon'ble Minister of PWD be pleased to state:

a) whether it is a fact that a flyover has been constructed on Main Kapashera-Najafgarh Road which begins and ends in the midst of Village Bijwasan;

b) the reasons for constructing the flyover in such a manner that it is causing huge congestion and traffic blockade on the said road;

ग) क्या इस फ्लाइओवर को बिजवासन गाँव में गोलोक धाम मंदिर के पार तक बढ़ाने का कोई प्रस्ताव है;

घ) क्या इस फ्लाइओवर को खंभो पर बनाया जाएगा या अन्य किसी प्रकार से बनाया जाएगा;

ङ) इस फ्लाइओवर को गोलोकधाम मंदिर के पार तक कब बढ़ाया जाएगा;

च) इस फ्लाइओवर के निर्माण के कारण जनता को होने वाली कठिनाइयों के निराकरण हेतु उठाए जाने वाले कदमों का विवरण;

छ) जब तक इस फ्लाइओवर का निर्माण पूरा नहीं होता, तब तक बिजवासन गाँव के लिए क्या किसी वैकल्पिक मार्ग की व्यवस्था करने का प्रावधान है; और

ज) क्या यातायात की अधिकता को कम करने के लिए बिजवासन के लिए किसी बाइपास के निर्माण का कोई प्रस्ताव है?

**12. श्री नरेश बाल्यान** **स्वास्थ्य**

क्या माननीय स्वास्थ्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि:

क) क्या यह सत्य है कि उत्तम नगर विधानसभा क्षेत्र में बिंदापुर अस्पताल के निर्माण के लिए भूमि का अधिग्रहण कर लिया गया है;

ख) इस अस्पताल में जो सुविधाएँ उपलब्ध होंगीं, उनका विवरण; और

ग) इस अस्पताल का कार्य कब पूरा होगा और कब यह जनता को समर्पित किया जाएगा?

**13. श्री राज कुमार आनंद** **राजस्व**

क्या माननीय राजस्व मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि:

क) मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना का विवरण क्या है;

ख) क्या यह सत्य है कि सारनाथ तथा बोध गया जैसे बौद्ध तीर्थस्थलों को भी इस योजना में सम्मिलित किया गया है;



c) whether there is any proposal to extend the flyover across Golok Dham Temple in village Bijwasan;

d) whether it would be constructed on pillars or otherwise;

e) by when this flyover would be extended across the Golok Dham Temple;

f) details of the steps proposed to be taken to provide relief to the people from the problems caused due to the construction of this flyover;

g) whether there is any proposal to provide any alternate route at Village Bijwasan till the work on the flyover is completed; and

h) whether there is any proposal to construct a bye-pass road for Village Bijwasan for decongestion of traffic?

**12 Shri Naresh Balyan** **Health**

Will the Hon'ble Minister of Health be pleased to state:

a) Whether it is a fact that land has been acquired for construction of Bindapur Hospital in Uttam Nagar Constituency;

b) the details of the facilities that will be available in this hospital; and

c) by when will the work of the construction of this hospital be completed and dedicated to the people?

**13 Shri Raaj Kumar Anand** **Revenue**

Will the Hon'ble Minister of Revenue be pleased to state:

a) The details of the Mukhya Mantri Tirath Yatra Yojana;

b) Whether it is a fact that pilgrimage centres of Buddhist Religion like Sarnath and Bodh Gaya have also been included in this scheme

ग) यदि हाँ, तो उसका विवरण; और

घ) इस यात्रा सुविधा का लाभ उठाने के लिए पंजीकृत होने वाले बौद्ध तीर्थयात्रियों की संख्या?

**14. श्री ओम प्रकाश शर्मा** **स्वास्थ्य**

क्या माननीय स्वास्थ्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे किः

क) क्या यह सत्य है कि दिल्ली सरकार के अस्पतालों, औषधालयों और क्लीनिकों में डॉक्टरों, नर्सों, पैरा मेडिकल स्टाफ और नॉन–मेडिकल स्टाफ की बहुत कमी है;

ख) दिल्ली सरकार के अस्पतालों, औषधालयों और क्लीनिकों में रिक्त पदों का अस्पतालवार विवरण; और

ग) इन पदों को भरने के लिए सरकार द्वारा उठाए जा रहे कदमों का विवरण?

**15. श्री मोहन सिंह बिष्ट** **राजस्व**

क्या माननीय राजस्व मंत्री बताने की कृपा करेंगे किः

क) क्या यह सत्य है कि उत्तर प्रदेश सीमा पर करावल नगर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत उत्तर प्रदेश व दिल्ली की जमीन की निशानदेही न होने के कारण बॉर्डर पर सड़के बनाने में विलम्ब हो रहा है;

ख) क्या यह भी सत्य है कि अब तक सभापुर और चौहान पट्टी को जोड़ने वाली सड़क के संबंध में एक सीमा विवाद है;

ग) इस समस्या का कोई समाधान न निकाले जाने के क्या कारण हैं; और

घ) इस समस्या का समाधान कब तक हो जाएगा?



c) The details thereof; and

d) The number of Buddhist religion followers who have registered for availing this facility to travel?

**14 Shri Om Prakash Sharma** **Health**

Will the Hon'ble Minister of Health be pleased to state:

a) Whether it is a fact that there is an acute shortage of Doctors, Nurses, Para Medical Staff and non-medical staff in the Delhi Government Hospitals, Dispensaries and Clinics;

b) The hospital wise details of the number of various posts lying vacant in the Delhi Government Hospitals Dispensaries and Clinics; and

c) The details of the steps taken by the Government to fill up these posts?

**15 Shri Mohan Singh Bisht** **Revenue**

Will the Hon'ble Minister of Revenue be pleased to state:

a) whether it is a fact that due to lack of proper demarcation on the UP-Delhi border in the Karawal Nagar constituency the work of construction of roads is being delayed;

b) whether it is also a fact that till date there is a border dispute regarding the road connecting the villages of Sabhapur and Chauhan Patti;

c) the reasons for not being able to find a solution to this problem; and

d) by when will this issue be sorted out?

**16.** **श्री महेंद्र गोयल** **राजस्व**

क्या माननीय राजस्व मंत्री बताने की कृपा करेंगे किः

क) क्या यह सत्य है कि दिल्ली सरकार, नगर निगमों और अन्य संगठनों के अधिकारियों व कर्मचारियों को राजस्व विभाग द्वारा कोरोना से संबंधित कार्यों के लिए तैनात किया गया था;

ख) इन अधिकारियों व कर्मचारियों का पूर्ण विवरण तथा इन्हें तैनात किए जाने के मानदंड;

ग) क्या यह भी सत्य है कि इनमें से कुछ को लगातार कई महीनों के लिए तैनात किया गया था जबकि कुछ को एक दिन के लिए भी कोई काम नहीं दिया गया; और

घ) यदि हाँ, तो इसका विवरण?

**17.** **श्री कुलदीप कुमार** **परिवहन**

क्या माननीय परिवहन मंत्री बताने की कृपा करेंगे किः

क) क्या कोंडली में मेट्रो स्टेशन बनाए जाने का कोई प्रस्ताव है;

ख) यदि हाँ, तो इस स्टेशन को कब कहाँ बनाया जाएगा, एतद्संबंधी संपूर्ण विवरण;

ग) यदि नहीं, तो क्यों ; और

घ) कोंडली के निवासियों के लिए फीडर बस प्रदान किए जाने हेतु उठाए जाने वाले प्रस्तावित कदम क्या हैं?

**18.** **श्रीमति प्रमिला धीरज टोकस** **प्रशासनिक सुधार**

क्या माननीय प्रशासनिक सुधार मंत्री बताने की कृपा करेंगे किः

क) क्या यह सत्य है कि 'डोर स्टेप डिलीवरी योजना' के अंतर्गत सरकार की अनेक योजनाओं को लागू किया जा रहा है;

ख) इन योजनाओं का विभागवार विवरण क्या है;



**16** **Shri Mohinder Goyal** **Revenue**

Will the Hon'ble Minister of Revenue be pleased to state:

a) whether it is a fact that officers and officials from Delhi Government, Municipal Corporations and other organizations were deputed for corona related duties by the Revenue Department;

b) the details thereof and the criteria on the basis of which these officers and officials were deployed;

c) whether it is a fact that some of them have been deployed for months together whereas some were not given work for even a day; and

d) if so the details thereof?

**17** **Shri Kuldeep Kumar**

**Transport**

Will the Hon'ble Minister of Transport be pleased to state:

a) Whether there is any proposal to construct a metro station in Kondli;

b) If so the details of when and where this station is proposed to be constructed;

c) If not, the reasons thereof; and

d) The steps proposed to be taken to provide feeder bus connectivity to people of Kondli?

**18** **Smt. Parmila Dhiraj Tokas** **Administrative Reforms**

Will the Hon'ble Minister of Administrative Reforms be pleased to state:

a) Whether it is a fact that various schemes of the Government are being implemented under the Door Step Delivery Scheme;

b) Department wise details of these schemes;

ग) प्राप्त आवेदनों, निर्धारित समयसीमा के बाद भी लंबित रहने वाले आवेदनों का विभागवार विवरण तथा विलंब के कारण; और

घ) लंबित आवेदनों को निपटाने के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं?

**19. श्री अखिलेश पति त्रिपाठी — उद्योग**

क्या माननीय उद्योग मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि:

क) क्या यह सत्य है कि जीटी करनाल रोड औद्योगिक क्षेत्र के नाले की स्थिति बहुत खराब है;

ख) औद्योगिक क्षेत्र में इस नाले के रख–रखाव और इसमें सुधार हेतु उठाए जाने वाले कदम;

ग) इन कामों के लिए कौन–सी एजेंसी उत्तरदायी है;

घ) औद्योगिक क्षेत्र में फुटपाथ व अन्य जगहों पर अतिक्रमण को हटाने हेतु उठाए जाने वाले कदम; और

ङ) औद्योगिक क्षेत्र में स्ट्रीट लाइट की सुविधा, जोकि है ही नहीं या अपर्याप्त है, के सुधार के लिए उठाए जाने वाले कदम?

**20. श्री रघुविंदर शौकीन — राजस्व**

क्या माननीय राजस्व मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि:

क) क्या यह सत्य है कि एसडीएम कार्यालय में विभिन्न सर्टिफिकेट और सेवाएँ प्राप्त करने हेतु भारी भीड़ होती है;

ख) इस भीड़ को कम करने के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं;

ग) क्या एसडीएम कार्यालय में स्टाफ को बढ़ाने और बेहतर सुविधाएँ प्रदान करने का कोई प्रस्ताव है; और

घ) यदि हाँ, तो उनका विवरण क्या है?

**राजकुमार**

**सचिव**



c) Department wise details of the number of application received, applications lying pending beyond the prescribed date and reasons for delay; and

d) Steps being taken to clear the pending applications?

**19 Shri Akhilesh Pati Tripathi — Industries**

Will the Hon'ble Minister of Industries be pleased to state:

a) Whether it is a fact that the Drain in GT Karnal Area is in a very bad shape;

b) The steps being taken to maintain and improve such drains in Industrial Area;

c) The agency responsible for these works;

d) The steps being taken to remove encroachments from the footpaths and other areas in the Industrial Area; and

e) Steps being taken to improve the street light facilities in the Industrial Area which is either non-existent or not sufficient?

**20 Shri Raghuvinder Shokeen**

**Revenue**

Will the Hon'ble Minister of Revenue be pleased to state:

a) whether it is a fact there is heavy crowd at SDM offices of people who want to avail various certificates and services;

b) steps being taken to minimize the crowd;

c) whether there is any proposal to increase staff and provide better facilities at the SDM Offices; and

d) if so, the details thereof?

**Raj Kumar**

**Secretary**

## विधान सभा

## राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली

## लिखित उत्तरों के लिए प्रश्नों की सूची

सोमवार, 03 जनवरी, 2022 / 13 पौष, 1943 (शक)

कुल प्रश्न : 82

**अता. 01 श्री ओम प्रकाश शर्मा — शिक्षा**

क्या माननीय उप मुख्यमंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) वर्ष 2021–22 में दिल्ली में किन–किन स्थानों पर नये स्कूल खोलने की सरकार की योजना है; और

ख) ये नये स्कूल कब तक खोल दिए जायेंगे, पूर्ण विवरण दें ?

**अता. 02 श्री ओम प्रकाश शर्मा — शिक्षा**

क्या माननीय उप मुख्यमंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) क्या यह सत्य है कि दिल्ली सरकार द्वारा पिछले दो सालों में दिल्ली सरकार के विद्यालयों में रीइम्पलॉयमेंट प्राप्त करने वाले कुछ टीचर्स एवं गेस्ट टीचर्स को नौकरी से हटाया गया है; और

ख) यदि हां तो उसका पूरा ब्यौरा क्या है?

**अता. 03 श्री रोहित कुमार मेहरौलिया — शिक्षा**

क्या माननीय उप मुख्यमंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

क) क्या यह सत्य है कि सरकारी स्कूलों में हाउस कीपिंग स्टाफ लगाने की जिम्मेदारी साई प्राइवेट लिमिटेड कम्पनी को दी गयी है;

ख) यदि हॉ, तो क्या यह भी सत्य है कि इस कम्पनी द्वारा अनुबंध के आधार पर सफाई कर्मचारियों की नियुक्ति में भारी अनियमिततायें बरती जाती हैं जिसके चलते इन कर्मचारियों का आर्थिक शोषण किया जाता है; और

ग) यदि हॉ, तो इस भ्रष्टाचार को रोकने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाये जा रहे हैं;

घ) इस प्रक्रिया में प्रधानाध्यापकों की क्या भूमिका है?

**अता. 04 श्री विशेष रवि** **शिक्षा**

क्या माननीय उप मुख्यमंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

क) मेरे द्वारा शिक्षा विभाग को लिखे गए पत्रों क्रमशः दिनांक 08.10.2019 संदर्भ 113582, दिनांक 17.03.2021 संदर्भ 228875, दिनांक 16.02.21 संदर्भ 118177, दिनांक 11.11.20 संदर्भ 116412, दिनांक 17.03.21 संदर्भ 118868, दिनांक 16.04.21 संदर्भ 119175, दिनांक 19.06.21 संदर्भ 119422, दिनांक 19.08.21 संदर्भ 119879 तथा दिनांक 23.08.21 संदर्भ 119946 पर विभाग द्वारा क्या कार्यवाही की गई?

ख) इन पत्रों पर कार्यवाही में देरी के क्या कारण हैं; तथा

ग) इसके लिए कौन–कौन कर्मचारी जिम्मेदार है?

**अता. 05 श्री अनिल कुमार बाजपेयी** **शिक्षा**

क्या माननीय उप मुख्यमंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

क) एसकेवी नं0 1, गांधीनगर (स्कूल आईडी 1003027) में कितने विद्यार्थी पढ़ रहे हैं, संपूर्ण ब्यौरा उपलब्ध कराएँ;

ख) इस स्कूल में कितने एसएमसी सदस्य और सामाजिक कार्यकर्ता हैं, उनका संपूर्ण विवरण प्रदान करें; और

ग) स्कूल में एसएमसी सदस्य तथा सामाजिक कार्यकर्ता बनने के लिए क्या मानदंड हैं?



**अता. 6 सुश्री भावना गौड़** **शिक्षा**

क्या माननीय उप मुख्यमंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

क) क्या यह सत्य है कि पालम विधान सभा के अन्तर्गत पीडब्लूडी विभाग द्वारा स्कूलों की बिल्डिंग निर्माण का कार्य चल रहा है;

ख) यदि हॉ तो उसका वर्तमान स्थिति सहित पूर्ण ब्यौरा स्कूलवाइज दें;

ग) यह कार्य किस एजेन्सी की देखरेख में हो रहा है तथा इनके कार्यों पर कुल कितनी राशि खर्च होनी है, पूर्ण विवरण दें;

घ) इन स्कूलों में कितना–कितना कार्य किया गया है तथा उन्हें विभाग द्वारा कितनी पेमेन्ट किस मद में कब दी गयी है, पूर्ण ब्यौरा उपलब्ध करायें;

ड) यह कार्य कब तक पूर्ण होने की सम्भावना है;

च) क्या शिक्षा विभाग द्वारा स्कूलों में कुछ नये कार्य करने की योजना भी है, पूर्ण विवरण दें?

**अता. 07 श्री शिव चरण गोयल** **शिक्षा**

क्या माननीय उप मुख्यमंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) क्या ये सत्य है कि कर्मपुरा इण्डस्ट्रियल एरिया के सर्वोदय बाल विद्यालय के बाउंड्री के अंदर अवैध कब्जे हैं;

ख) यदि हाँ तो इन अवैध कब्जों को हटाने के लिए विभाग द्वारा क्या कार्रवाई की जा रही है; और

ग) इस स्कूल का कुल क्षेत्रफल कितना है और कितने पर अवैध कब्जा है, पूर्ण विवरण दें?

**अता. 08 श्री अभय वर्मा** **शिक्षा**

क्या माननीय उप मुख्यमंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) लक्ष्मी नगर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत दिल्ली सरकार के किस–किस विद्यालय में कौन–कौन से और कितनी लागत के विकास कार्य चल रहे हैं;

ख) कार्यों का अलग–अलग विवरण कार्य एजेंसी सहित पूर्ण विवरण दें;

ग) क्या विद्यालय प्रबंधन समिति में कोई विधानसभा को–आर्डिनेटर पद का प्रावधान है;

घ) यदि हाँ, तो किस नियम के तहत है;

ङ) यदि नहीं, तो चेयरमैन या वाइस चेयरमैन विधानसभा को–आर्डिनेटर नामित व्यक्ति को एसएमसी की बैठक में बुलाते हैं तो उनके खिलाफ क्या कार्रवाई करने का प्रावधान है;

च) क्या एसएमसी में किसी पार्टी के सक्रिय सदस्य को सोशल वर्कर के तौर पर सदस्य बनाया जा सकता है, और यदि हाँ, तो इसकी क्या प्रक्रिया है और उसकी पात्रता क्या है?

**अता. 9 श्री पवन शर्मा परिवहन**

क्या माननीय परिवहन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

क) डीटीसी के बेड़े में कुल कितनी बसें हैं, फ्यूल टाईप के हिसाब से विवरण दें;

ख) डीटीसी विभाग में कुल कितने स्थाई एवं अस्थाई कर्मचारी हैं;

ग) प्रति बस कितने कर्मचारी नियोजित होते हैं; और

घ) डीटीसी की बसों में कुल कितने मार्शल लगाए गए हैं, क्या ये मार्शल उपरोक्त डीटीसी कर्मचारियों की कुल संख्या में सम्मिलित हैं?

**अता. 10 श्री विजेन्द्र गुप्ता परिवहन**

क्या माननीय परिवहन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) वर्ष 2014 से 2021 तक सरकार तथा उसकी स्वायत्त संस्था द्वारा कितनी गाड़ियां खरीदी गईं और वह किस कंपनी और मॉडल की थी; वर्षवार उनके ऊपर पेट्रोल की कितनी खपत हुई और कितना खर्चा हुआ;

ख) कितनी गाड़ियों को स्क्रेप कर दिया गया है;

ग) आने वाले तीन वर्षों में कितनी गाड़ियां 15 साल से ऊपर हो



जाएंगी तथा उनके स्क्रैप करने की प्रक्रिया कब तक पूरी कर ली जाएगी; और

घ) कण्डम हो जाने के बाद भी वर्तमान में कितनी गाड़ियां सरकारी विभागों तथा उसके अंतर्गत आने वाले विभागों में खड़ी हैं? पूर्ण विवरण दें?

**अता. 11 श्री विजेन्द्र गुप्ता परिवहन**

क्या माननीय परिवहन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) क्या यह सत्य है कि दिल्ली परिवहन निगम की सभी लगभग 3700 बसें जो सड़क पर हैं, ये बसें अपनी निर्धारित तकनीकी आयु 12 वर्ष या 7.50 लाख किलोमीटर पूरी कर चुकी हैं;

ख) क्या यह भी सत्य है कि 15 वर्षों से डीटीसी के बेड़े में एक भी नई बस नही जोड़ी गई है;

ग) क्या यह सत्य है कि इस वर्ष के प्रारंभ में 1000 डीटीसी की पुरानी बसें जिनकी आयु पूरी हो चुकी है, उनको सड़कों पर चलाये रखने के लिए एक कंपनी से अनुबंध किया गया है जिस पर 500 करोड़ रुपये खर्च किए जा रहे हैं;

घ) यदि हाँ, तो अगर डीटीसी बेड़े की सभी 3728 बसों को बदलने का तय करें तो कुल 1800 करोड़ रुपये खर्च आयेगा जिसकी तुलना में पुरानी बसों के रखरखाव के लिए इससे ज्यादा राशि दिल्ली सरकार द्वारा खर्च किए जाने के क्या कारण हैं;

ड़) क्या यह सत्य है कि वर्ष 2015 से हर साल डीटीसी को लगातार घाटा हो रहा है; और

च) डीटीसी का घाटा लगातार बढ़ने तथा दिल्ली में बसों की संख्या लगातार घटने पर भी पिछले सात सालों में दिल्ली सरकार द्वारा एक भी नई बस को दिल्ली परिवहन निगम के बेड़े में न जोड़े जाने के क्या कारण हैं?

**अता. 12 श्री रामवीर सिंह बिधूड़ी** **परिवहन**

क्या माननीय परिवहन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

क) क्या यह सत्य है कि वर्तमान में दिल्ली में चल रही डीटीसी की सभी 3760 बसें ओवरऐज हो चुकी हैं;

ख) किसी भी बस के ओवरएज होने के नियम क्या हैं;

ग) इनमें से कितनी बसें साढ़े सात लाख किलोमीटर की दूरी तय कर चुकी हैं; और

घ) ओवरएज हो चुकी जो बसें चलाई जा रही हैं, उनकी मेन्टेनेन्स पर प्रतिवर्ष कितनी धनराशि व्यय की जा रही है, पूर्ण विवरण दें?

**अता. 13 श्री रघुविंदर शौकीन** **परिवहन**

क्या माननीय परिवहन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

क) क्या परिवहन विभाग द्वारा नांगलोई विधान सभा की कच्ची कालोनियों में मिनी बसें चलाने की कोई योजना है; और

ख) यदि हां, तो इसे कब तक, कितनी संख्या में और कितने रूटों पर लागू किया जाना है, कृपया उनका विवरण दें?

**अता. 14 श्री अभय वर्मा**

**परिवहन**

क्या माननीय परिवहन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) दिल्ली परिवहन विभाग की बसों में महिलाओं को निःशुल्क यात्रा की सुविधा प्रदान की गई है, इससे वर्ष 2021 में 1 जनवरी, 2021 से 21 दिसम्बर, 2021 तक कुल कितनी महिलाओं को लाभ हुआ है;

ख) इस योजना को लागू करने के लिए सरकार ने इस पर कुल कितनी धनराशि खर्च की है;

ग) सरकार द्वारा दिल्ली परिवहन निगम की बसों में अब तक कुल कितने महिला मार्शलों की नियुक्ति की गई है और वर्ष 2021 में 1 जनवरी, 2021 से 21 दिसम्बर, 2021 तक इन महिला माशर्लों पर कुल कितनी धनराशि खर्च की गई है;

घ) 1397 नये आधुनिक बस क्यू शैल्टरों में से लक्ष्मी नगर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत कुल कितने नये आधुनिक बस क्यू शैल्टर बनाना प्रस्तावित है, विस्तृत विवरण दें;



ङ) क्या सरकार के पास लक्ष्मी नगर मैट्रो स्टेशन का नाम शकरपुर–लक्ष्मी नगर मैट्रो स्टेशन करने के लिए कोई प्रस्ताव है; और

च) यदि हाँ, तो यह कार्य कब तक पूरा होगा ?

**अता. 15 श्री अजय महावर** **परिवहन**

क्या माननीय परिवहन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

क) दिल्ली सरकार ने कितनी इलेक्ट्रिक बसें खरीदी हैं एवं कितनी बसें किराये पर कितनी अवधि के लिए ली हैं और इन किराये पर ली हुई बसों का कितना किराया कम्पनी के साथ तय किया है;

ख) 2015 के बाद दिल्ली सरकार द्वारा कोई भी बस न खरीदे जाने के क्या कारण हैं;

ग) 2015 के बाद डी.टी.सी के हर साल घाटे में जाने के क्या कारण हैं;

घ) 2015 के बाद डी.टी.सी बसों में कितना घाटा हुआ है, इसका वर्ष वार विवरण दिया जाए;

ङ) क्या सरकार का इस घाटे को पूरा करने का कोई मास्टर प्लान है; और

च) 12 वर्ष से अधिक पुरानी बसों को अभी तक चलाये जाने के क्या कारण हैं?

**अता. 16 श्री अखिलेश पति त्रिपाठी** **स्वास्थ्य**

क्या माननीय स्वास्थ्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

क) मॉडल टाउन विधान सभा क्षेत्र में कितने मौहल्ला क्लिनिक कार्य कर रहे हैं एवं इन मौहल्ला क्लिनिक के लिए दवाईयों की व्यवस्था कहां से की जाती है;

ख) मॉडल टाउन विधान सभा क्षेत्र में कहां और कितने मौहल्ला क्लिनिक खोले जाने की योजना है, पूर्ण विवरण दें;

ग) मौहल्ला क्लिनिक के लिए कौन–कौन सा स्टाफ उपलब्ध कराया जाता है, उनको कितना–कितना वेतन दिया जाता है;

घ) मौहल्ला क्लिनिकों में कौन–कौन सी जांच की जाती है;

ङ) क्या इन मौहल्ला क्लिनिकों की सुरक्षा के लिए गार्ड रखे गए हैं; और

च) यदि नहीं, तो इनकी सुरक्षा की जिम्मेवारी किस पर है?

**अता. 17 श्री सुरेन्द्र कुमार स्वास्थ्य**

क्या माननीय स्वास्थ्य विभाग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

क) गोकलपुर विधान सभा में आबादी अनुसार मोहल्ला क्लीनिक के निर्माण की क्या योजना है; और

ख) गोकलपुर विधान सभा में डिस्पेंसरी और पॉलीक्लीनिक के निर्माण की क्या योजना है?

**अता. 18 श्री अजय दत्त स्वास्थ्य**

क्या माननीय स्वास्थ्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

क) अम्बेडकर नगर अस्पताल को कब से OPD और अन्य स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए खोला जायेगा;

ख) अम्बेडकर नगर अस्पताल में कितने कर्मचारी अनुबंध पर रखे हुए हैं, और इन्हें किस–किस सेवाओं के लिए रखा गया है, इसका पूरा ब्यौरा दें; और

ग) कोरोना काल 2020–21 में अम्बेडकर नगर अस्पताल द्वारा किस–किस मद में कितना खर्च किया गया है, इसका पूरा ब्यौरा दें?

**अता. 19 श्री विजेन्द्र गुप्ता स्वास्थ्य**

क्या माननीय स्वास्थ्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

क) कोरोना महामारी के दौरान दिल्ली में कितनी मृत्यु हुईं;

ख) आम आदमी मोहल्ला क्लीनिकों को समय रहते दिल्ली सरकार



द्वारा जीवन रक्षक ऑक्सीजन (आइसोलेशन सेंटर) में तब्दील न किए जाने के क्या कारण थे;

ग) इन मोहल्ला क्लीनिकों के निर्माण में जो धनराशि खर्च हुई, सरकार द्वारा उसका ऑडिट नहीं कराने के क्या कारण हैं;

घ) ऑक्सीजन की कमी से दिल्ली में कितनी मृत्यु हुई, पूर्ण विवरण दें;

ड़) क्या सरकार द्वारा कोरोना से जान गंवाने वाले लोगों के परिवार वालों को मुआवजा दिया गया; और

च) दिल्ली में सरकार द्वारा पीएम केयर्स फंड द्वारा कितने पीएस ऑक्सीजन उत्पादन संयंत्रों को स्थापित किया गया, पूर्ण विवरण दें?

**अता. 20 श्री अब्दुल रहमान स्वास्थ्य**

क्या माननीय स्वास्थ्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

क) क्या ये सत्य है कि सीलमपुर विधानसभा में स्थित जग प्रवेश चंद्र अस्पताल में वेंटिलेटर, आईसीयू तथा अल्ट्रासाउंड इत्यादि सामान्य सुविधाओं का अभाव है; और

ख) यदि हां, तो इस अस्पताल को कब तक बड़ा व आधुनिक सुविधाओं से लैस कर दिया जाएगा?

**अता. 21 श्री विशेष रवि स्वास्थ्य**

क्या माननीय स्वास्थ्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

क) मेरे द्वारा स्वास्थ्य मंत्री/स्वास्थ्य विभाग को लिखे गए पत्रों, संख्या 116065/10–10–20, 116273/05–11–20, 116613/11–12–20, 116772/23–12–20, 118071/03–02–21, 116277/03–11–20, 116913/06–01–21, 116916/06–01–21, 120757/15–12–21, 120760/15–12–21, 120756/15–12–21, 120634/25–11–21 तथा दिनांक 16.11.21 पर विभाग द्वारा क्या कार्रवाई की गई है; और

ख) इन पत्रों पर कार्यवाही में देरी के क्या कारण हैं तथा इसके लिए कौन–कौन कर्मचारी जिम्मेदार है?

**अता. 22 श्री रघुविंदर शौकीन** **स्वास्थ्य**

क्या माननीय स्वास्थ्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

क) क्या यह सत्य है कि मोहल्ला क्लीनिकों में चोरी एवं लूटपाट की घटनाएं सामने आई हैं;

ख) यदि हां, तो इसका विवरण दिया जाए; और

ग) सरकार द्वारा इसको रोकने के लिए क्या उपाय किए जा रहे हैं?

**अता. 23 श्री राजेश ऋषि** **स्वास्थ्य**

क्या माननीय स्वास्थ्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

क) जनकपुरी में कितने मोहल्ला क्लीनिक प्रस्तावित हैं और कब तक खुल जायेंगे;

ख) दिल्ली कैंसर इंस्टीट्यूट वेस्ट कब तक पूर्ण क्रियाशील हो जाएगा;

ग) इस अस्पताल में कई सालों से बेकार पड़ी लिनियर एक्सीलरेटर मशीन कब तक चालू कर दी जाएगी;

घ) जनकपुरी सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल का सालाना बजट कितना है और 2019 से 2021 तक किए गए खर्च का विवरण दें;

ड.) इस अस्पताल में कितने डाक्टर, नर्सिस और अन्य स्टाफ है, सभी को दी जाने वाली राशि (Pay) सहित का पूर्ण विवरण दें; और

च) 2018 से 2021 तक अस्पताल के क्रय विभाग द्वारा की गयी खरीद का पूर्ण विवरण दें?

**अता. 24 श्री रामवीर सिंह बिधूड़ी** **स्वास्थ्य**

क्या माननीय स्वास्थ्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

क) दिल्ली सरकार द्वारा दिल्ली में कुल कितने मोहल्ला क्लिनिक खोलने की योजना थी;

ख) उनमें से कितने मोहल्ला क्लिनिक खोले जा चुके हैं जो की कार्य कर रहे हैं, उनका विधानसभावार विवरण दें;



ग) इन मोहल्ला क्लिनिकों को खोले जाने पर कितनी धनराशि खर्च हुई है;

घ) प्रत्येक मोहल्ला क्लिनिक में डॉक्टर, नर्स तथा पैरा–मेडिकल एवं नॉन–मेडिकल स्टाफ के कितने–कितने अधिकारी/कर्मचारी नियुक्त किये जाते हैं विधानसभा क्षेत्रवार ब्यौरा दें; और

ड.) वित्तीय वर्ष 2021–22 में किन–किन स्थानों पर नये मोहल्ला क्लिनिक खोलने की योजना है?

**अता. 25. श्री रामवीर सिंह बिधूड़ी** **स्वास्थ्य**

क्या माननीय स्वास्थ्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

क) दिल्ली में अप्रैल, 2020 से लेकर अब तक कितने डॉक्टर, नर्सिंग स्टाफ, पुलिसकर्मी, शिक्षक एवं सफाई कर्मियों सहित अन्य कोरोना योद्धाओं की ड्यूटी के दौरान मृत्यु हुई है, पूर्ण विवरण दें;

ख) दिल्ली सरकार द्वारा घोषित की गई मुआवजे की कितनी–कितनी धनराशि इन कोरोना योद्धाओं के आश्रितों को दी गई, व्यक्तिगत सूची सहित उसका पूरा ब्यौरा क्या है;

ग) ऑक्सीजन की कमी के कारण जान गंवाने वाले कोरोना पीड़ितों के आश्रितों के लिए दिल्ली सरकार द्वारा घोषित मुआवजा राशि हेतु कितने लोगों ने आवेदन किया है तथा कितने लोगों को 5 लाख रुपये का मुआवजा मिला है; और

घ) कोरोना महामारी से जान गंवाने वाले लोगों के आश्रितों के लिए दिल्ली सरकार द्वारा घोषित 50 हजार रुपये की आर्थिक सहायता तथा विधवा पेंशन प्राप्त करने के लिए कितने लोगों ने अभी तक आवेदन किया है और उनमें से कितने लोगों को यह राशि दे दी गई है, पूर्ण विवरण दें?

**अता. 26 श्री रामवीर सिंह बिधूड़ी** **स्वास्थ्य**

क्या माननीय स्वास्थ्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) क्या यह सत्य है कि 4 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के लिए प्रतिबंधित एवं हानिकारक डिस्ट्रोमेथोर्फन सिरप को दिल्ली सरकार के मौहल्ला क्लीनिकों के डाक्टरों द्वारा 4 साल से छोटे बच्चों को प्रेस्क्राइब किया जा रहा था;

ख) यदि हां, तो दिल्ली के कौन–कौन से मौहल्ला क्लीनिकों के डाक्टरों द्वारा पिछले 5 सालों में कितने–कितने बच्चों को यह सिरप लेने के लिए लिखा गया;

ग) इस डिस्ट्रोमेथोर्फन सिरप को पीने से कितने बच्चे बीमार हुए और कितने बच्चों की मृत्यु हुई; और

घ) दिल्ली सरकार ने इस गंभीर मामले की जांच कराने हेतु अभी तक क्या कार्रवाई की है, पूर्ण विवरण दें?

**अता. 27 श्रीमती प्रमिला धीरज टोकस** **स्वास्थ्य**

क्या माननीय स्वास्थ्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

क) विभाग को प्रत्येक जिले में कोविड–19 घर घर टीकाकरण के लिए अनुरोध प्राप्त हुए हैं;

ख) विभाग द्वारा प्राप्त आवेदनों का पूर्ण विवरण दें;

ग) इस संबंध में विकलांग लोगों को यह सुविधा प्रदान करने के लिए सरकार की क्या योजना है; और

घ) इस संबंध में आवेदन प्रक्रिया व संबंधित जिलों का पूर्ण विवरण प्रदान करें?

**अता. 28 श्रीमती प्रमिला धीरज टोकस** **स्वास्थ्य**

क्या माननीय स्वास्थ्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) क्या यह सत्य है कि आर के पुरम विधानसभा क्षेत्र के भंवर सिंह कैम्प बस्ती विकास केन्द्र व नेहरू एकता कैंप विकास केन्द्र में दो आम आदमी मोहल्ला क्लीनिक बनाने का काम लंबित है; और



ख) यदि हां, यह कार्य कब तक पूरा होगा व यह क्लीनिक कब तक चालू होंगे?

**अता. 29 श्री अभय वर्मा** **स्वास्थ्य**

क्या माननीय स्वास्थ्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) क्या लक्ष्मी नगर विधानसभा के अंतर्गत मंडावली क्षेत्र में डिस्पेंसरी के स्थान पर पॉलिक्निक बनाने की सरकार की कोई योजना है;

ख) यदि हाँ, तो इस योजना को कब तक पूरा कर दिया जायेगा और इस पर कुल कितनी लागत आयेगी;

ग) इस पॉलिक्लिनिक में जनता के लिए क्या–क्या सुविधायें उपलब्ध होंगी और यह पॉलिक्लिनिक दिल्ली सरकार के किस अस्पताल से जुड़ा हुआ होगा;

घ) लक्ष्मी नगर विधानसभा स्थित दिल्ली सरकार के बैंक इन्क्लेव डिस्पैंसरी के ऊपर के तल खाली हैं, जहां आठ–दस बिस्तरों वाला छोटा अस्पताल बनाया जा सकता है, क्या इस संबंध में सरकार की कोई योजना है, विवरण दें;

ङ) लक्ष्मी नगर विधानसभा के अंतर्गत साउथ गणेश नगर मोहल्ला क्लिनिक बंद किए जाने के क्या कारण हैं; और

च) क्या साउथ गणेश नगर में अन्य स्थान पर मोहल्ला क्लिनिक खोलने की कोई योजना है, यदि हाँ, तो पूरी जानकारी दें ?

**अता. 30 श्री सुरेन्द्र कुमार** **लोक निर्माण**

क्या माननीय लोक निर्माण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) गोकलपुर विधान सभा में विधायक कार्यालय के लिए कई बार कहने पर भी अभी तक भूमि आवंटन न किए जाने के क्या कारण है;

ख) भूमि आवंटन कब तक होगा व इस पर निर्माण कार्य कब तक शुरू होगा; और

ग) गोकलपुर विधान सभा में लोनी गोलचक्कर पर प्रस्तावित अंडरपास का निर्माण कब तक शुरू होगा?

**अता. 31 श्री अजय दत्त** **लोक निर्माण**

क्या माननीय लोक निर्माण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

क) PWD साउथ दिल्ली जोन द्वारा सड़क और नाले के कौन–कौन से प्रोजेक्ट चल रहे हैं, और इन कार्यों के लिए कितनी राशि आबंटित की गई है, इसका पूरा ब्यौरा दें;

ख) शेख सराय BRT से खानपुर तक सौंदर्यीकरण (Beautification) का कार्य कब से शुरू किया जायेगा;

ग) MB Road पर पुल बनाने का कार्य कब से शुरू किया जायेगा; और

घ) पिछले दो सालों में पुष्प विहार क्षेत्र में क्या–क्या विकास के कार्य किए जा चुके हैं और वर्तमान में क्या–क्या कार्य चल रहे हैं, इसका पूरा ब्यौरा दें?

**अता. 32 श्री ओम प्रकाश शर्मा** **लोक निर्माण**

क्या माननीय लोक निर्माण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

क) दिल्ली सरकार के लोक निर्माण विभाग द्वारा पिछले सात सालों में दिल्ली में कितने फ्लाईओवर एवं अंडरपास का निर्माण–कार्य शुरू करने की नींव रखी गई;

ख) इनमें से कितनी फ्लाईओवर्स एवं अंडरपास बनकर तैयार हो चुके है;

ग) कितने फ्लाईओवर्स एवं अंडरपास निर्माणाधीन हैं और वे कब तक बनकर तैयार हो जाएंगे;

घ) इनके निर्माण–कार्य पर कुल कितनी–कितनी धनराशि खर्च की जा रही है; और

ङ) इनका पूर्ण विवरण दें?



**अता. 33 श्री विशेष रवि** **लोक निर्माण**

क्या माननीय लोक निर्माण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

क) मेरे द्वारा लोक निर्माण विभाग को लिखे गए पत्र संख्या116217 / 29–10–20,119590 / 13–07–21, 120339 / 18–10–21, आर्या नगर में साइन बोर्ड लगाने के संबंध में, गुरू रविदास मार्ग फुटपाथ के पुर्ननिर्माण, रोड़ नं0–3 के नवनिर्माण तथा गफ्फार मार्किट में तारों को बदले जाने के संदर्भ में क्या कार्रवाई की गई है; और

ख) इन पत्रों पर कार्यवाही में देरी के क्या कारण हैं तथा इसके लिए कौन–कौन कर्मचारी जिम्मेदार है?

**अता. 34 श्री अब्दुल रहमान** **लोक निर्माण**

क्या माननीय लोक निर्माण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

क) विधायक कार्यालय के लिए पिछले दो सालों से कई बार कहने पर भी अभी तक पीडब्ल्यूडी द्वारा भूमि आवंटन न किए जाने के क्या कारण हैं; और

ख) भूमि आवंटन कब तक होगा?

**अता. 35 श्री विजेंद्र गुप्ता** **लोक निर्माण**

क्या माननीय लोक निर्माण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

क) लाल जैन मंदिर से फतेहपुरी मस्जिद तक चाँदनी चौक के पुनर्विकास के संबंध में सिविल एवं इलेक्ट्रिल कार्यों से संबंधित अवार्ड लेटर तथा संपूर्ण अनुबंध की प्रतिलिपि उपलब्ध कराएँ;

ख) उक्त कार्य से संबंधित टेंडर फाइल में उपलब्ध सभी दस्तावेज व ऑफिशियल कमेंटशीट, मेजरमेंट बुक / ईएमबी, रेट एनालिसिस, संबंधित आईएस कोड़ के अनुसार टेस्ट रिपोर्ट एवं सभी अतिरिक्त आइटमों की प्रतिलिपि उपलब्ध कराई जाए; और

ग) उक्त निविदा में ठेकेदार को किए गए भुगतान का पूर्ण विवरण दें?

**अता. 36 श्री अब्दुल रहमान लोक निर्माण**

क्या माननीय लोक निर्माण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) सीलमपुर विधान सभा में स्थित ब्रह्मपुरी रोड़ तथा रोड़ नंबर 66 को चौड़ा करने की सरकार की कोई योजना है; और

ख) यदि हां, तो यह कार्य कब तक पूरा हो जाएगा?

**अता0 37 श्री कुलदीप कुमार लोक निर्माण**

क्या माननीय लोक निर्माण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

क) प्रस्तावित डीएनडी और एनएच–24 को जोड़ने वाली कोंडली फ्लाईओवर के प्रपोजल की वर्तमान स्थिति क्या है;

ख) सरकार कोंडली फ्लाईओवर बनाने के लिए क्या प्रयास कर रही है;

ग) प्रारम्भिक अध्ययन के बाद कब तक इस प्रोजेक्ट को वित्तीय स्वीकृति मिलने के पश्चात निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा?

**अता. 38 श्री सौरभ भारद्वाज लोक निर्माण**

क्या माननीय लोक निर्माण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

क) दिल्ली में दिनांक 30 नवंबर, 2021 को कितने सीसीटीवी कार्यरत हैं और क्या उन्हें केंद्रीय नियंत्रण कक्ष में देखा जा सकता है और क्या उनके चालू स्थिति में होने या न होने की जानकारी केंद्रीय नियंत्रण कक्ष में स्वयंमेव उपलब्ध हो जाती है;

ख) एसी–50 में बीईएल व पीडब्ल्यूडी द्वारा लगाए गए सीसीटीवी कैमरों की स्थिति, मोबाइल डेटा द्वारा अभिगम्य कैमरों की सूची, काम कर रहे और बंद पड़े कैमरों की सूची व कैमरों के बंद रहने की समयावधि, एस.एल.ए. के उल्लंघन हेतु वेंडर पर लगाया गया अर्थदंड; जिन कैमरों की हार्डड्राइव अनुपलब्ध है, उनकी सूची तथा कैमरों के बंद रहने के कारण क्या हैं;

ग) एसी–50, ग्रेटरकैलाश विधानसभाक्षेत्र में कार्यरत उन सभी तकनीशियनों, स्टाफ का, व जिन कर्मचारियों ने इन सीसीटीवी को लगाया है, उनकी भूमिका, उत्तरदायित्वों व उनके पीएफ, ईएसआईसी, पे–रोल संबंधित संपूर्ण विवरण, जो सीसीटी के रखरखाव के लिए उत्तरदायी हैं, साथ ही उन कंपनियों का विवरण जिनके द्वारा इन कर्मचारियों को भुगतान किया जा रहा है;

घ) उन अधिकारियों का विवरण क्या है जो एसी–50 में सीसीटीवी लगाने हेतु एसएलए को सुनिश्चित करने के लिए उत्तरदायी हैं, एसएलए के अनुपालन संबंधी सभी फाइल नोटिंग उपलब्ध कराएँ;

ङ) एसी–50 में सीसीटीवी लगाए जाने के दूसरे चरण की स्थिति क्या है, इन्हें लगाने व इनके रख–रखाव के लिए उत्तरदायी सभी प्रबंधकीय व तकनीकी स्टाफ का विवरण प्रदान करें; और

च) एसी–50 में सीसीटीवी कैमरा लगाने व रखरखाव के संबंध में एसएलए एवं अनुबंध की तथा किसी भी उप–अनुबंध या सबलेटिंग की प्रतियाँ प्रदान करें?

**अता. 39 सुश्री भावना गौड़ लोक निर्माण**

क्या माननीय लोक निर्माण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) क्या यह सत्य है कि पिछली योजना के अंतर्गत प्रत्येक विधानसभा में 2000 सीसीटीवी कैमरा लगाये गये हैं;

ख) यदि हां, तो पूर्ण विवरण सहित बताएं कि पालम विधानसभा क्षेत्र में कितने कैमरे लगाये गये हैं;

ग) यदि ये कैमरे कम संख्या में लगे हैं तो कारण बताएं;

घ) क्या यह सत्य है कि सीसीटीवी कैमरा लगाने से पूर्व क्षेत्र के विधायक की अनुमति आवश्यक है;

ड.) क्या यह सत्य है कि पालम विधानसभा में कुछ बॉक्स और सीसीटीवी कैमरे विधायक की बिना सहमति के लगाये गये हैं; और

च) यदि हां, तो इसके कारण व संख्या बताएं तथा ये कैमरे किसकी अनुमति से लगाये गये हैं, पूर्ण विवरण दें?

**अता. 40 सुश्री भावना गोड़** **लोक निर्माण**

क्या माननीय लोक निर्माण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

क) पालम विधान सभा के अन्तर्गत लोक निर्माण विभाग की कौन–कौन सी डिवीजन वर्तमान में कार्यरत है;

ख) उपरोक्त डिवीजन में कार्यरत अधिकारियों का पूर्ण विवरण दें;

ग) 2015 से अब तक लोक निर्माण विभाग की किस–किस डिवीजन ने पालम विधान सभा में कौन–कौन से कार्य किए हैं तथा उन पर खर्च धनराशि का पूर्ण विवरण दें;

घ) दादा देव अस्पताल में पीडब्लूडी द्वारा किए जा रहे कार्य में अभी कितना कार्य हुआ है और कितना लम्बित है, बतायें; और

ड) इस पर कितनी लागत खर्च की जा रही है तथा किस–किस मद के अन्तर्गत कितनी–कितनी धनराशि का भुगतान किया जा चुका है?

**अता. 41 श्री शिव चरण गोयल** **लोक निर्माण**

क्या माननीय लोक निर्माण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

क) नजफगढ़ रोड जो जखीरा से राजा गार्डन चौक तक जाता है उसकी चौड़ाई कितनी है;

ख) क्या यह सत्य है कि इस नजफगढ़ रोड पर अतिक्रमण भी हो रहा है;

ग) यदि हां, तो उसकी पूर्ण जानकारी उपलब्ध कराई जाए और इस अतिक्रमण को हटाने हेतु विभाग द्वारा क्या कार्य किए जा रहे हैं;

घ) मोती नगर लाल बत्ती चौक पर कार शोरूम मालिक द्वारा सरकारी जगह पर फेंस बनाकर अवैध रूप से गाड़ियों की पार्किंग रोकने हेतु क्या विभाग कोई कार्रवाही करेगा; और

ड़) यदि हाँ, तो कब तक?

**अता. 42 श्री संजीव झा** **लोक निर्माण**

क्या माननीय लोक निर्माण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

क) बुराड़ी विधान सभा में कितने wi-fi स्पॉट लगाये गये है, सूची सहित विवरण दे;



ख) क्या आने वाले समय में अतिरिक्त wi-fi स्पॉट लगाये जाने की कोई योजना है; और

ग) यदि कोई wi-fi प्वाइन्ट किसी कारणवश स्थानान्तरित किया जाता है तो उसे 500 मीटर के दायरे में ही लगाये जाने का कोई नियम है?

**अता. 43 श्री नरेश बाल्यान** **लोक निर्माण**

क्या माननीय लोक निर्माण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

क) उत्तम नगर टर्मिनल से द्वारका मोड़ तक तीन किलोमीटर के रास्ते पर लगने वाले भयंकर जाम की समस्या से के समाधान हेतु सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं;

ख) उत्तम नगर टर्मिनल से पंजाबी बाग तक वाया नजफगढ़ ड्रेन पर बनने वाले एलिवेटिड रोड की वर्तमान स्थिति क्या है;

ग) नजफगढ़ रोड को चौड़ा करने के काम की वर्तमान स्थिति क्या है;

घ) क्या इस रोड पर स्थित मैट्रो पिल्लर के सौंदर्यकरण की सरकार की कोई योजना है; और

ड.) यदि हां, तो यह कार्य कब तक पूरा हो जाएगा?

**अता. 44 श्री अजय महावर** **लोक निर्माण**

क्या माननीय लोक निर्माण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

क) क्या यह सत्य है कि नवम्बर 2020 में घोण्डा विधान सभा में सी.सी.टी.वी कैमरे लगने का सर्वे पूर्ण होने के बाद भी अभी तक वहां एक भी नया सी.सी.टी.वी कैमरा नहीं लग पाया है;

ख) यदि हां, तो निर्वाचन संख्या 66 में सी.सी.टी.वी कैमरे कब तक लगेंगे;

ग) पुराने समय में विधान सभा घोण्डा में कितने सी.सी.टी.वी कैमरे लगे हैं, उनमें से कितने ठीक काम कर रहे हैं और कितने खराब हैं तथा जो सी.सी.टी.वी कैमरे खराब हैं उनको कब तक ठीक कर दिया जाएगा, पूर्ण विवरण दें;

घ) इस कार्यालय में कितनी विधान सभाओं में कितने–कितने सी.सी. टी.वी कैमरे लगे हैं, विधान सभा वार विवरण दें;

ङ) घोण्डा विधान सभा में अप्रैल 2020 से अब तक कितने वाई–फाई लगे हैं व कितने वाई–फाई लगने का प्रावधान था तथा इस प्रक्रिया में जनप्रतिनिधि की क्या भागीदारी है; और

च) गांमड़ी रोड घोण्डा का निर्माण आखिरी बार कब हुआ था व जर्जर पड़े इस रोड का पुनः निर्माण भविष्य में विभाग द्वारा कब तक किया जाएगा?

**अता. 45 श्री पवन शर्मा राजस्व**

क्या माननीय राजस्व मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

क) आदर्श नगर विधान सभा क्षेत्र के मजलिस पार्क मेट्रो स्टेशन के पीछे व मालिक राम टंडन रोड के सम्मुख खाली पड़ी जमीन किस विभाग को आवंटित की गयी है या किस विभाग के पास उक्त जमीन का मालिकाना हक है;

ख) क्या यह सत्य है कि उक्त खाली जमीन का हस्तांतरण दिल्ली मेट्रो को किया गया है; और

ग) यदि हां, तो किस विभाग ने उक्त जमीन का हस्तांतरण किया है और कितने अवधि के लिए किया गया है?

**अता. 46 श्री ओमप्रकाश शर्मा राजस्व**

क्या माननीय राजस्व मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) दिल्ली सरकार द्वारा पिछले 7 सालों में दिल्ली में कितने सिविल डिफेंस वॉलिन्टियर्स की भर्ती की गई;

ख) इन सिविल डिफेंस वॉलिनिटयर्स को प्रतिमाह कितना वेतन दिया जाता है; और

ग) दिल्ली सरकार द्वारा इनके वेतन पर प्रतिवर्ष कितनी धनराशि खर्च की जा रही है?



**अता. 47 श्री विशेष रवि राजस्व**

क्या माननीय राजस्व मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

क) मेरे द्वारा राजस्व विभाग को लिखे गए पत्र संख्या दिनांक 01–12–21, 120087/19–09–21, 118478/24–02–21 पर विभाग द्वारा क्या कार्रवाई की गई है; और

ख) इन पत्रों पर कार्यवाही में देरी के क्या कारण है तथा इसके लिए कौन–कौन जिम्मेदार है?

**अता. 48 श्री अजय दत्त राजस्व**

क्या माननीय राजस्व मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

क) कोरोना काल 2019–20 और 2020–21 में डीएम आफिस साउथ को कोरोना आपदा में सरकार द्वारा कितना पैसा दिया गया और यह बजट किस किस मदों में खर्च किया गया है, और किस आफिसर ने इसे खर्च करने के आदेश दिए थे पूर्ण विवरण दें;

ख) कोरोना काल 2020–21 लॉक डाउन के दौरान डीएम आफिस साउथ द्वारा कितने लोगों को, किस किस विधान सभा क्षेत्र में, कितने समय का खाना बांटा गया और कितने दिनों तक कितने विभागों द्वारा बांटा गया, किस एजेंसी को खाना बनाने व बांटने का कांट्रेक्ट दिया गया था और कितने पैसे एजेंसियों को इस कार्य के लिए दिए गए, पूरा ब्यौरा दें; और

ग) कोरोना लॉकडाउन के दौरान जरूरतमंद लोगों को डीएम आफिस साउथ द्वारा क्या क्या वस्तुएं व सामान वितरण किया गया, इस पर कितने पैसे खर्च किए गए, किस एजेंसी के माध्यम से बांटा गया और किस एजेंसी को कितने पैसे कब कब दिए गए, इसके साथ साथ ट्रांजेक्शन डिटेल और रसीद आदि का पूरा ब्यौरा दें?

**अता. 49 श्री सौरभ भारद्वाज राजस्व**

क्या माननीय राजस्व मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

क) सिविल डिफेंस स्वयंसेवकों की भर्ती की प्रक्रिया, उनके प्रशिक्षण, उन्हें ड्यूटी आवंटित किए जाने की प्रक्रिया क्या है तथा क्या इसमें किसी अधिकारी के स्वविवेक का भी प्रावधान है;

ख) दक्षिण व दक्षिणपूर्व ज़िले के अंतर्गत उन सभी दिल्ली सिविल डिफेंस स्वयंसेवकों का विवरण, ड्यूटी के दिनों की संख्या व तिथियाँ तथा ड्यूटीस्थल सहित, प्रदान करें जिन्हें ड्यूटी आवंटित की गई है;

ग) कृपया दक्षिण व दक्षिण पूर्व ज़िले के अंतर्गत दिनांक 1 जनवरी, 2015 से पहले पंजीकृत स्वयंसेवकों की सूची व उनके द्वारा की गई 'निष्काम सेवा' के दिनों की संख्या उपलब्ध कराएँ तथा 1 जनवरी, 2015 से 30 नवंबर 2021 के दौरान उन्हें आवंटित कुल वैतनिक ड्यूटी का भी विवरण दें;

घ) कृपया 1 जनवरी, 2018 से 30 नवंबर 2021 के दौरान दक्षिण व दक्षिणपूर्व ज़िले में दिल्ली सिविल डिफेंस स्वयंसेवकों को अधिकारियों द्वारा प्रशिक्षण देने, सी–फॉर्म, ड्यूटी देने के संबंध में भ्रष्टाचार/विवेकाधिकार संबंधी प्राप्त लिखित शिकायतों की प्रति तथा प्रत्येक शिकायत पर की गई कार्रवाई का विवरण उपलब्ध कराएँ; और

ङ) दक्षिणपूर्व ज़िले के सीनियर चीफ वार्डन को पद से क्यों निलिंबित किया गया था, इस संबंध में यदि कोई जाँच की गई तो उसकी रिपोर्ट तथा उन्हें पुनः बहाल किए जाने कारणों की जानकारी दें?

**अता. 50 श्री रघुविन्दर शौकीन राजस्व**

क्या माननीय राजस्व मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) क्या दिल्ली सिविल डिफेंस वॉलियेंटर्स को विधायक जन समाधान केन्द्रों पर लगाने की कोई योजना है; और

ख) यदि हां, तो इसके लिए क्या प्रावधान और समय–सीमा निर्धारित की गई है?

**अता. 51 श्री अनिल कुमार बाजपेयी राजस्व**

क्या माननीय राजस्व मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

क) दिल्ली में आज तक कितने सिविल डिफेंस स्वयंसेवकों की नियुक्ति की गई है;



ख) सिविल डिफेंस स्वयंसेवकों को नियुक्त करने के क्या मानदंड हैं;

ग) मंत्रियों/विधायकों के साथ सिविल डिफेंस के कितने स्वयंसेवक कार्य कर रहे हैं;

घ) ऐसे सिविल डिफेंस स्वयंसेवकों का संपूर्ण ब्यौरा उपलब्ध कराएँ; और

ङ) दिल्ली सरकार के विभिन्न विभागों में आज की तिथि में कितने सिविल डिफेंस स्वयंसेवक कार्यरत हैं, उनका संपूर्ण ब्यौरा उपलब्ध कराएं।

**अता. 52 सुश्री भावना गौड़ राजस्व**

क्या माननीय राजस्व मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

क) राजस्व विभाग द्वारा पालम विधान सभा के अन्तर्गत भिन्न–भिन्न श्रेणियों में 2015 से लेकर अब तक कितनी रजिस्ट्रियां की गयी हैं, उसका पूर्ण विवरण दें;

ख) क्या यह सत्य है कि राजस्व विभाग द्वारा पालम विधान सभा में खसरा नम्बर बदल–बदल कर रजिस्ट्रियां हुई हैं और हो रही हैं;

ग) यदि हॉ तो उसका पूर्ण विवरण दें;

घ) क्या पालम विधान सभा के अन्तर्गत ग्राम सभा/सरकारी जमीनों पर लोगों द्वारा कब्जे कर निर्मित बिल्डिंग्स पर राजस्व विभाग द्वारा रजिस्ट्रियां की गयी हैं; और

ड) यदि हॉ तो किस नियम के तहत की गयी है उसका पूर्ण विवरण दें?

**अता. 53 सुश्री भावना गौड़ राजस्व**

क्या माननीय राजस्व मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

क) पालम विधान सभा में कुल कितनी ग्राम सभा/सरकारी जमीनें खाली हैं, इनका पते, खसरा, प्लाट का साइज सहित पूर्ण विवरण दे;

ख) खसरा नम्बर 33/17/2 बीघा 1 बिसवा 18 की वर्तमान स्थिति क्या है;

ग) खसरा नम्बर 33/9/2 पालम गांव हरिजन बस्ती की वर्तमान स्थिति क्या है; और

घ) पालम गांव खसरा नम्बर 32/6 की वर्तमान स्थिति क्या है?

**अता. 54 श्री महेन्द्र यादव राजस्व**

क्या माननीय राजस्व मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) दिल्ली में प्राकृतिक या दुर्घटना में मौत के उपरांत अनाथ हुए बच्चों के लिए सरकार की क्या–क्या योजना है;

ख) क्या ऐसे नॉन कोविड केस में अनाथ हुए बच्चों को कोई पेंशन या आर्थिक सहायता मिलती है; और

ग) क्या प्राकृतिक या दुर्घटना में मौत के उपरांत अनाथ हुए बच्चों के लिए भी कोविड में अनाथ हुए बच्चों की तरह पेंशन व आर्थिक सहायता दिए जाने को लेकर सरकार की क्या योजना है, पूर्ण विवरण दें?

**अता. 55 श्री महेन्द्र यादव राजस्व**

क्या माननीय राजस्व मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) क्या दिल्ली राज्य का ओबीसी सर्टिफिकेट प्राप्त करने के लिए 1993 से निवास की शर्त को हटाने की सरकार की कोई योजना है; और

ख) यदि नहीं, तो क्या 1993 की यह समयसीमा कम की जा सकती है, संपूर्ण जानकारी दें ?

**अता. 56 श्री संजीव झा राजस्व**

क्या माननीय राजस्व मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

क) बुराड़ी विधान सभा में ग्राम सभा की कितनी खाली जमीन है, खसरा सहित विवरण दें;



ख) क्या उपरोक्त खाली जमीनों की पैमाइश कर चारदीवारी कर दी गई है;

ग) यदि हां, तो उसका सूची सहित विवरण दें; और

घ) अगर नही, तो उसका कारण बतायें?

**अता. 57 श्री मोहन सिंह बिष्ट राजस्व**

क्या माननीय राजस्व मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) दिल्ली के अंतर्गत कुल कितने शहरीकृत और ग्रामीण गांव है;

ख) क्या यह भी सत्य है कि ग्रामीणों द्वारा आए दिन खसरा और खतोनियों में अपने नाम अंकित कराने के लिए राजस्व विभाग के कार्यालयों में चक्कर लगाने पड़ रहे है;

ग) यदि नहीं तो अपनी पैतृक जमीन को अपने नाम पर दर्ज न करने के क्या कारण है; और

घ) करावल नगर विधान सभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले अधिकतर गांव वालों की इस समस्या का समाधान न कराने के क्या कारण हैं और कब तक इस समस्या का समाधान हो जाएगा?

**अता. 58 श्री अखिलश पति त्रिपाठी सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण**

क्या माननीय सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

क) क्या यह सत्य है कि नजफगढ़ ड्रेन को साफ करने एवं इसके सौन्दर्यकरण की सरकार की कोई योजना है;

ख) यदि हां, तो इसका पूर्ण विवरण दें;

ग) नजफगढ़ ड्रेन की डीसिल्टिंग हेतु सरकार द्वारा क्या व्यवस्था की गई है; और

घ) शक्ति नगर से विजय नगर तक की ड्रेन की सफाई कब तक कर दी जाएगी, पूर्ण विवरण दें?

**अता. 59 श्री रघुविंदर शौकीन सिंचाईं एंव बाढ़ नियंत्रण**

क्या माननीय सिंचाईं एंव बाढ़ नियंत्रण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

क) क्या सरकार द्वारा नजफगढ़ नालों के आसपास के क्षेत्रों में ग्रीन क्षेत्र को बढ़ाने और सौंदर्यकरण की कोई योजना है; और

ख) यदि हां, तो इसके लिए कितनी राशि आवंटित की गयी हैं?

**अता. 60 श्री संजीव झा सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण**

क्या माननीय सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

क) बुराड़ी विधान सभा में सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग (सी.डी. 6 और 7) के अधीन कितने सिंचाई एवं गंदे पानी की निकासी के नाले हैं;

ख) सिंचाई नालों के साथ तथा अन्य क्षेत्रों में विभाग के अधीन कितनी खाली जमीन है, विवरण दें;

ग) क्या यह सत्य है कि पानी निकासी के लिए बनाए गए नालों पर किसी प्रकार का कोई अतिक्रमण है; और

घ) यदि हॉ, तो क्या इन नालों के सीमांकन की कोई योजना है?

**अता. 61 श्री अभय वर्मा सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण**

क्या माननीय सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) क्या लक्ष्मी नगर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत अक्षरधाम मंदिर के सामने गणेश नगर कॉम्पलेक्स के सामने से कोण्डली के नाले में मिलने वाली ड्रेन को ढकने की सरकार की कोई योजना है;

ख) यदि हाँ, तो क्या यह सत्य है कि उपरोक्त ड्रेन को रिमॉडल करके दिल्ली जल बोर्ड के सीवर लाईन डालने की योजना सरकार के पास लंबित है;

ग) यदि हाँ, तो योजना का नाम तथा उसका सम्पूर्ण विवरण विभाग सहित दें;



घ) क्या लक्ष्मी नगर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत अनधिकृत कॉलोनियों में विकास कार्य करवाने हेतु दिल्ली सरकार द्वारा सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग के जोन–1 को अधिकृत किया है; और

ङ) यदि हाँ, तो इस कार्य हेतु दिल्ली सरकार द्वारा सिंचाई एंव बाढ़ नियंत्रण विभाग के जोन–1 को कितनी धनराशि आबंटित की गई है?

**अता. 62 श्री अजय महावर सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण**

क्या माननीय सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

क) दिल्ली में प्राकृतिक रूप से अभी तक कितने जोहड़ तैयार एवं उनका पुनर्निर्माण किया गया है;

ख) घोण्डा विधान सभा क्षेत्र के पुराना गढ़ी मेंडू गांव में स्थित प्राकृतिक जोहड़ का पुर्णोद्धार कब तक किया जाएगा; और

ग) गोकलपुर ड्रेन नं0 1 को कब तक पूर्ण रूप से साफ करा दिया जाएगा?

**अता. 63 श्री मोहन सिंह बिष्ट सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण**

क्या माननीय सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) क्या यह सत्य है कि करावल नगर विधान सभा क्षेत्र के अंतर्गत बहने वाले सभी नालों के गंदे पानी की निकासी एस्कैप ड्रेन के माध्यम से की जा रही है;

ख) यदि हॉ तो एस्कैप ड्रेन की चौड़ाई कितनी है;

ग) क्या यह भी सत्य है कि एस्कैप ड्रेन के बीचों–बीच सोनिया विहार की जल बोर्ड की लाईन डाली गई है;

घ) यदि हां तो क्या यह भी सत्य है कि एस्कैप ड्रेन में भागिरथी प्लांट का रेत युक्त पानी इसी ड्रेन में गिरता है;

ड.) इस मिट्टी को नाले में डालने से न रोके जाने के क्या कारण है;

च) क्या यह भी सत्य है कि जल बोर्ड द्वारा गंदे पानी को ट्रीट करने के लिए इंटरसेप्टर बनाया गया है; और

छ) यदि हां तो इसको कब तक चालू किया जाएगा?

**अता. 64 श्री मोहन सिंह बिष्ट सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण**

क्या माननीय सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

क) करावल नगर विधान सभा क्षेत्र में कुल कितने नालों के माध्यम से गंदे पानी की निकासी की जाती है;

ख) क्या यह भी सत्य है कि करावल नगर विधान सभा क्षेत्र के अंतर्गत बाढ़ नियंत्रण विभाग के अंतर्गत नालों पर अनाधिकृत कब्जे हैं;

ग) यदि हॉ तो क्या यह भी सत्य है कि नालों पर कब्जा होने की वजह से करावल नगर की अधिकतर कॉलोनियों में गंदे पानी से जलमग्न की स्थिति है; और

घ) यदि हां तो इन नालों पर अनाधिकृत निर्माण द्वारा किये गए कब्जों को न हटाये जाने के क्या कारण हैं तथा इन अनाधिकृत कब्जों को कब तक हटा दिया जायेगा?

**अता. 65 श्री राजेश ऋषि उद्योग**

क्या माननीय उद्योग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

क) दिल्ली में उद्योगों को बढ़ाने के लिए सरकार की उद्योग नीति क्या है;

ख) क्या सरकार का कोई नया औद्योगिक क्षेत्र बनाने की योजना है;

ग) छोटे और माइक्रो उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए सरकार की कोई नई योजना है पूर्ण विवरण दें;

घ) क्या सरकार शादियों को उद्योग मानती है;

ड.) यदि हां, तो औद्योगिक क्षेत्र में बने बारात घरों को पार्किंग में



कन्वर्ट करने की सरकार की कोई योजना है; और

च) यदि नहीं, तो औद्योगिक क्षेत्र से बारात घरों को हटाने की सरकार की क्या योजना है?

**अता. 66 श्री महेन्द्र यादव उद्योग**

क्या माननीय उद्योग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

क) क्या यह सत्य है कि विकासपुरी विधान सभा में डीएसआईआईडीसी की बहुत महत्वाकांक्षी नॉलेज बेस्ड इण्डस्ट्रियल पार्क (केबीआई बापरोला) योजना लगभग एक दशक से लंबित है;

ख) इसका कार्य प्रारंभ होने की निर्धारित तिथि क्या है व कब तक यह कार्य समाप्त होगा; और

ग) क्या उपरोक्त उद्देश्य हेतु आवंटित जमीन को किसी अन्य जनउपयोगी कार्य हेतु आवंटित किया जा सकता है ?

**अता. 67 श्री अखिलेश पति त्रिपाठी भूमि एवं भवन**

क्या माननीय उप मुख्यमंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

क) मॉडल टाउन विधान सभा क्षेत्र में दिल्ली सरकार की जमीन कहां–कहां पर खाली पड़ी है;

ख) ये सभी भूमि किन–किन कार्यों के लिए खाली रखी गई है, किस प्रयोग में ये ली जाएगी, इसकी पूर्ण जानकारी उपलब्ध कराई जाए; और

ग) मॉडल टाउन विधान सभा क्षेत्र में दिल्ली सरकार की अवैध रूप से कब्जा की गई जमीने कहां–कहां स्थित हैं, ये जमीने किन–किन व्यक्तियों/संस्थाओं/विभागों की हैं, पूर्ण जानकारी दें?

**अता. 68 श्री रामवीर सिंह बिधूड़ी भूमि एवं भवन**

क्या माननीय उप मुख्यमंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

क) क्या यह सत्य है कि दिल्ली में जिन किसानों की जमीन सरकार द्वारा अधिग्रहित कर ली जाती है, उन्हें उसके बदले आवेदन

करने पर वैकल्पिक आवासीय प्लाट दिए जाते हैं;

ख) यदि हां, तो इस समय भूमि एवं भवन विभाग के पास कितने आवेदन लंबित पड़े हैं; और

ग) उन आवेदकों को आवेदित वैकल्पिक आवासीय प्लाट आबंटित करने के लिए दिल्ली सरकार के भूमि एवं भवन विभाग द्वारा डीडीए को कब तक सिफारिश भेज दी जाएगी?

**अता. 69 श्री अजय महावर लोक निर्माण**

क्या माननीय लोक निर्माण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) गामड़ी रोड़ को चौड़ा करने का काम किस विभाग द्वारा पूरा किया जाएगा, पूर्ण विवरण दें; और

ख) यह कार्य कब तक पूरा कर लिया जाएगा?

**अता. 70 श्री अखिलेश पति त्रिपाठी गृह**

क्या माननीय गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) मॉडल टाऊन विधान सभा क्षेत्र में स्थित निजी हस्पताल, होटल, फैक्ट्री, बैंकेट हाल एवं रेस्टोरेंट का पूर्ण विवरण दें;

ख) इस सभी के लिए अग्नि सुरक्षा मानक क्या है;

ग) क्या इन सभी को फायर सेफ्टी क्लियेरेंस दिया गया है;

घ) यदि हां, तो इनका आधार क्या है;

ड.) मॉडल टाऊन विधान सभा क्षेत्र में स्थित जिन भवनों को फायर विभाग द्वारा एनओसी/क्लियरेंस सर्टिफिकेट दिये गए हैं, उन सभी का पूर्ण विवरण दें;

च) क्या यह भी सत्य है कि मॉडल टाऊन विधान सभा के अंतर्गत बहुत सारे नर्सिंग होम/हस्पताल/रेस्टोरेंट और बैंकेट हॉल बिना लाईसेंस/अनाधिकृत तरीके से चल रहे हैं; और

छ) यदि हां तो इसके क्या कारण है?



**अता. 71 श्री रोहित कुमार मेहरौलिया ग्रह**

क्या माननीय गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

क) क्या यह सत्य है कि त्रिलोकपुरी विधान सभा में पुलिस प्रशासन की लापरवाही के कारण कानून एवं व्यवस्था की स्थिति अत्यन्त खराब है;

ख) यदि हॉ, तो इसे सुधारने हेतू सरकार द्वारा क्या कदम उठाये जा रहे हैं; और

ग) क्या सरकारी स्कूलों में मोरल वैल्यू पर आधारित नया करिकुलम लागू करने की सरकार की कोई योजना है जिससे बच्चों की अच्छी काउन्सलिंग हो सके और वे देश के विकास की ओर विचारशील बनें?

**अता. 72 श्री भूपिंदर सिंह जून ग्रह**

क्या माननीय गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

क) दिल्ली में विगत तीन वर्षों के दौरान हत्या और बलात्कार के मामलों में दोषसिद्धि की दर क्या है;

ख) क्या किसी लोक–अभियोजक या जाँच अधिकारी के विरुद्ध लापरवाही और उपेक्षापूर्ण अभियोजन तथा खराब और मिथ्या जाँच हेतु कोई कार्रवाई की गई है;

ग) विगत तीन वर्षों में हत्या व बलात्कार के कितने मामलों में दोषमुक्त किए जाने के विरुद्ध उच्च न्यायालय में अपील दायर की गई है;

घ) क्या लोक–अभियोजकों की वार्षिक गोपीय रिपोर्ट न्यायालय में उनके कार्यनिष्पादन पर निर्भर करती है; और

ङ) क्या न्यायालय में उतकृष्ट वार्षिक कार्यनिष्पादन के लिए किसी लोक–अभियोजक को सम्मानित किया गया है?

**अता. 73. श्री राजेश ऋषि** **केंद्रीय कारागार**

क्या माननीय गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) जनकपुरी की तिहाड़ जेल का सालाना बजट कितना है;

ख) इसमें अब कितने कैदी हैं, उनमें से कितने ट्रायल वाले हैं;

ग) कोरोना के कारण कितने कैदियों को आजाद कर दिया गया पूर्ण विवरण दें;

घ) तिहाड़ जेल परिसर में कितने रेजीडेंशियल फ्लैट्स हैं और इसमें स्टाफ के कितने लोग रहते हैं;

ड.) क्या यह सत्य है कि तिहाड़ जेल के जैमर के कारण जनकपुरी के कई ब्लॉक्स में मोबाईल काम नहीं करता; और

च) यदि हां, तो विभाग इस पर क्या कार्य कर रहा है?

**अता. 74 श्री सोमनाथ भारती** **केंद्रीय कारागार**

क्या माननीय गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

क) दिल्ली सरकार द्वारा संचालित कारागारों के नाम, प्रत्येक के जेल सुपरिंटेंडेंट का नाम व संपर्क संख्या, जेल की वास्तविक क्षमता तथा वर्तमान कैदियों की श्रेणीवार (विचाराधीन,दोषी, उच्च सुरक्षा आदि) संख्या क्या है;

ख) ऐसे कैदियों की संख्या जो उस अपराध की अधिकतम अवधि के बाद भी जेल में हैं, जिसके वे आरोपी है;

ग) कैदियों के हित के लिए काम करने वाले स्वयंसेवी संगठनों का पूर्ण ब्यौरा दें ;

घ) ऐसे कैदियों का विवरण जो न्यायालय द्वारा वांछित जमानत का इंतज़ाम न कर सकने के कारण जेल में है;

ङ) कैदियों के जीवन को बेहतर बनाने हेतु क्या सुधार किए गए है;

च) उन सभी वकीलों की जानकारी जो कैदियों को न्याय दिलाने हेतु फीस लेकर या निःशुल्क कार्य कर रहे हैं, ऐसे वकीलों को पिछले पाँच साल के दौरान दी गई फीस का विवरण;

छ) यदि कोई स्वयंसेवी संगठन कैदियों को कानूनी सहायता उपलब्ध कराना चाहता है तो इसके लिए किसे संपर्क करना चाहिए और इस संबंध में क्या नियम व शर्तें है; और

ज) मार्च 2020 के बाद से पैरोल/फरलो पर छोड़े गए कैदियों का विवरण क्या है?

**अता. 75 श्री गुलाब सिंह** **उच्च शिक्षा**

क्या माननीय उप मुख्यमंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

क) क्या मटियाला विधान सभा के घुम्मनहेड़ा गांव में कोई कॉलेज खोलने का सरकार का कोई प्रस्ताव है; और

ख) यदि हां, तो उसकी जानकारी दी जाए?

**अता. 76 श्री अनिल कुमार बाजपेयी** **उच्च शिक्षा**

क्या माननीय उप मुख्यमंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

क) विद्यार्थियों को दिए जाने वाले दस लाख रुपए के स्टडी लोन का विवरण क्या है;

ख) अब तक कितने विद्यार्थियों ने यह लोन लिया है;

ग) क्या यह सत्य है कि जो विद्यार्थी यह लोन लेते हैं, दिल्ली सरकार उनका उत्तरदायित्व लेती है;

घ) क्या यह सत्य है जिन विद्यार्थियों के माता–पिता को बैक ने डिफॉल्टर घोषित कर दिया है, उन्हें यह लोन नहीं मिल सकता;

ङ) क्या दिल्ली सरकार ऐसे विद्यार्थियों की सहायता करने के लिए कुछ उपाय कर रही है; और

च) यदि हाँ, तो उनका विवरण?

**अता. 77 श्रीमती प्रमिला धीरज टोकस** **विकास**

क्या माननीय विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) क्या यह सत्य है कि विभाग जैविक खेती को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न कदम उठा रहा है;

ख) इस संबंध में अब तक क्या कदम उठाए गए हैं; और

ग) क्या कदम प्रक्रिया में है, पूर्ण विवरण साझां करें?

**अता. 78 श्री मोहन सिंह बिष्ट** **विकास**

क्या माननीय विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

क) करावल नगर विधान सभा क्षेत्र के अंतर्गत कुल कितने गांव आते है;

ख) किन–किन गांवों में कौन–कौन से विकास कार्य किये गए, उसमें कुल कितना खर्च आया, गांवों अनुसार उनका विवरण क्या हैं; और

ग) वर्ष 2017 से आज तक कुल कितनी विकास संबंधी योजनाएं लम्बित पड़ी हैं और कब तक इनको पूरा कर दिया जाएगा, समयसीमा बताने की कृपा करें?

**अता. 79 श्री अजय महावर** **रोजगार**

क्या माननीय उप मुख्यमंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

क) दिल्ली सरकार द्वारा 2015 के बाद कितने लोगों को रोजगार के लिए रजिस्ट्रेशन करवाये एवं उनमें से कितने नव युवकों को रोजगार प्रदान किया; और

ख) रोजगार पोर्टल पर कितने व्यक्ति रजिस्टर्ड किये एवं उनमें से कितनों को रोजगार प्रदान किया?

**अता. 80 श्री पवन शर्मा** **प्रशिक्षण एवं तकनीकी शिक्षा**

क्या माननीय उप मुख्यमंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

क) कौशल विकास केंद्र के संबंध में सरकार की नीति क्या है; और

ख) क्या आदर्श नगर विधान सभा क्षेत्र में कौशल विकास केंद्र संचालित हो रहा है, यदि हां तो विवरण दें, यदि नहीं तो क्या सरकार का नया कौशल विकास केंद्र खोलने का प्रस्ताव है?

**अता. 81 श्रीमती प्रमिला धीरज टोकस** **श्रम**

क्या माननीय उप मुख्यमंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

क) दिल्ली सरकार द्वारा गैर–संगठित मजदूरों के कल्याण के लिए कौन कौन सी योजनाएं चलाई जा रही हैं, कृपया पूर्ण विवरण प्रदान करें; और



ख) यदि कोई नई योजना इस संबंध में बन रही है तो कृपया उसका भी संपूर्ण विवरण प्रदान करें?

**अता. 82 श्री सोमनाथ भारती** **प्रशासनिक सुधार**

क्या माननीय प्रशासनिक सुधार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

क) क्या विभागों और अधिकारियों की प्रशासनिक क्षमता को बेहतर करने के लिए कोई अध्ययन कराया गया है या इस संबंध में कोई अन्य कदम उठाए गए हैं;

ख) यदि हाँ, ऐसे अध्ययनों/कदमों का विभागवार संपूर्ण विवरण क्या है; और

ग) वर्ष 2014 के बाद से जिन नियमों/उपनियमों को रद्द किया गया या जो नए बनाए गए, उनकी प्रतिलिपि?

**राजकुमार**

**सचिव**